रेल फाटकों पर निर्माण करने के लिये स्वीकृत 11 पुलों में से एक भी पुल का निर्माण पूरा नहीं हुआ है और न ही निर्माण कार्य की प्रगति संतोषजनक पायी गई है,

(ख) उन पुलों की संख्या कितनी है जिनका निर्माण-कार्य चालू वित्तीय वर्ष में पूरा हो जाने की संभावना है ; और

(ग) शेष पुलों के निर्माण कार्य को पूरा करने में कितना समय लगने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महाबीर प्रसाद) : (क) यद्यपि 11 ऊपरी/निचले सड़क पुल में से किसी भी पुल का कार्य पूरा नहीं हुआ है तथापि, राज्य सरकार के साथ मिलकर इन पुलों पर कार्य शीघ्र शुरु करने के लिये प्रारम्भिक व्यवस्था की कार्यवाही चल रही है। 5 पुलों पर निर्माण कार्य पहले ही शुरू किया जा चुका है।

(ख) एक।

(ग) इन पुलों का पूरा होना मुख्यत: राज्य सरकार द्वारा निष्पादित किय जाने वाले पहुंच-मार्गों के पूरा होने पर निर्भर करेगा।

रेल विभाग में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी

3411. **श्री अजीत जोगी** : क्या रेल मंत्री 2 मार्च, 1988 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 983 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि ग्रुप क (वर्ग-I) और ग्रुप ख (-वर्ग II) के पदों के लिये आरक्षित कोटे, जो पहले से ही अनुसूचित जनजातियों और अनुसूचित जातियों के लिये अपेक्षित कोटे से कम है, को भरने के लिए पिछले एक वर्ष के दौरान क्या प्रगति की गयी है?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महाबीर प्रसाद) : पिछले एक वर्ष के दौरान अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों की भर्ती से संबंधित प्रगति निम्नलिखित है।

ग्रुप-ए (श्रेणी-I)

वर्ष	अनुसूचित जाति		अनुसूचित जनजाति	
	सं०	प्रतिशत	सं०	प्रतिशत
*1986-87	686	10.34	198	2.98
1987-88	697	10.36	211	3.13
ग्रुप-बी (श्रेणी-II)				
*1986-87	931	15.08	203	3.28
1987-88	1025	15.74	226	3.47

*संशोधित आंकड़े